<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>27.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे</u>

<u>राष्ट्रपति दौरा</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर आज शिमला पहुंची। शिमला के समीप कल्याणी हैलीपैड पहुंचने पर राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह और सांसद सुरेश कश्यप सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 29 अप्रैल को अटल टनल रोहतांग का दौरा करेंगी। इस दौरान वे सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगी और ऐतिहासिक सुरंग को लेकर जानकारी प्राप्त करेंगी। 30 अप्रैल को राष्ट्रपति कांगड़ा ज़िला के पालमपुर स्थित चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। इसी दिन राष्ट्रपति शिमला स्थित भारतीय सेना प्रशिक्षण कमान के कार्यक्रम में भी शामिल होंगी। इस बीच, राष्ट्रपति के प्रदेश दौरे को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

....

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा परियोजनाओं सहित वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रति वर्ष ऊर्जा खपत तेरह हज़ार मिलियन यूनिट है और सरकार का लक्ष्य है कि इसका 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा निकट भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पाँच मेगावाट क्षमता तक की छोटी जल विद्युत परियोजनाओं के विकास को गति प्रदान की है। इस बीच मुख्यमंत्री ने आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के चियोग में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए।

....

पीएमएफएमई

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना का शिमला जिला के युवा भरपूर लाभ उठा रहे हैं। जिले में इस योजना के तहत अभी तक 2 हजार 80 लोग लाभान्वित हो चुके हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला ज़िला संवाददाता....

<u>योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2021–22 से लेकर 31 मार्च 2026 तक शिमला जिला प्रशासन को कुल 3026 मामले प्राप्त हुए जिनमें से 2901 मामले विभिन्न बैंकों को भेजे गए और 2080 मामलों में ऋण स्वीकृत हुआ है जबकि 73 मामलों में ऋण प्रक्रिया जारी है। योजना के तहत 25 लाख तक की ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग यूनिट लगाने के लिए 40 प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। योजना के तहत</u>

जिला शिमला में कुल 2080 ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग यूनिट स्थापित किए गए हैं। बेरोजगार युवा योजना का भरपूर लाभ उठा रहे हैं और योजना के तहत अपने ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग यूनिट स्थापित कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

....

बाल पुरस्कार – नामांकन

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया इस वर्ष 31 जुलाई तक 5 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है जो प्रतिवर्ष राष्ट्रपति द्वारा देश भर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला व संस्कृति और विज्ञान व प्रौद्योगिकी जैसी श्रेणियों में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है।

....

भीषण गर्मी

प्रदेश में इन दिनों मौसम साफ बना हुआ है और तेज़ धूप निकलने से राज्य के मैदानी इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, मण्डी और सोलन ज़िले में कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान में दो से 7 डिग्री सैल्सियत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विभाग ने कल 28 अप्रैल से 2 मई तक प्रदेश के अनेक भागों में बारिश का पूर्वानूमान जताया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता..........

....

लोक अदालत

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के सभी ज़िला व सत्र न्यायालयों में आगामी 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्राधिकरण के सदस्य सचिव रणजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि अदालत में निपटारे के लिए विभिन्न मामलों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक मैजिस्ट्रेट के न्यायालयों में एम.वी. चालान मामलों में ई–पे के माध्यम से कम्पाउंडिंग शुल्क के भुगतान की ऑनलाइन सुविधा प्रदान की गई है।

....